5 JULY- janj Bhoomi PG-01_Layout 1 7/5/2024 11:34 PM Page 1

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 स्कूल जतन योजना से सहेजे जा रहे जिले के शाला भवन, किया जा रहा जीर्णोद्धार

खबर संक्षेप

मिशन शक्ति अंर्तगत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह का आयोजन

जांजगीर-चांपा। एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं एवं सुरक्षा बचाव हेतु अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति संचालित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता ने बताया कि जिसका उद्देश्य महिलाओं के शोषण और भेदभाव को खत्म करना एवं महिलाओं के सशक्तिकरण करना है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में मिशन शक्ति 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान, 21 जून से 4 अक्टूबर के भारतीय न्याय संहिता थीम अंतर्गत अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा आयोजित ई. सी. जी. के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 4 परियोजनाओं से उपस्थित सुपरवाईजरों को तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के संबंध में कानूनी जानकारी दी गयी।

चिस्दा में प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 तक

जांजगीर-चांपा। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा (हसौद) जिला सक्ती में प्रवेश परीक्षाफार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक निर्धारित की गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अजा कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटो के विरूद्ध प्रवेश प्रकिया होगी तथा प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई व 9 जुलाई को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर चयन किया जायेंगा।

जिले में 9 से 26 तक लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

जांजगीर-चांपा। जिले में आम ग्रामीणजनों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शिकायतों के समाधान आसानी हो सके इसके लिए 9 जुलाई से 26 दिसंबर तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीण जनों के समस्याओं का निराकरण करेंगे। जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 9 जुलाई को कोटगढ़ के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में, 25 को केरा के पंचायत भवन के सामने में, 6 अगस्त को कोसा के पंचायत भवन के पास, 22 अगस्त को जर्वे-ब के शासकीय प्राथमिक शाला प्रागंण में, 10 सितम्बर को करनौद के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में, 26 सितम्बर को खोखरा के मनका दाई मंदिर के पास, 8 अक्टूबर को पकरिया झू के हाई स्कूल परिसर में, 24 अक्टूबर को खोखरी के स्कूल मैदान में, 12 नवम्बर को करमंदा के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में, 28 नवम्बर को सरहर के पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में, 10 दिसम्बर को सलखन के पंचायत भवन के सामने एवं 26 दिसम्बर को ग्राम पंचायत अमलीपाली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में किया जाएगा।

जिला रोजगार कार्यालय में 16 को लगेगा रोजगार मेला

जांजगीर-चांपा। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा इस जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में अभी तक निजी क्षेत्र के 17 नियोजको से 3146 रिक्तियाँ प्राप्त हुआ है। जिसमें टेक्निकल फील्ड के 1216, सिक्युरिटी गार्ड 1250, फाईनेंस सेक्टर 251 व कृषि क्षेत्र में 113 व अन्य क्षेत्रों मे 316 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। संभावित तिथि तक पदों की संख्या बढ़ सकती है।

जहरीली गैस रिसाव : पड़ोसी को बचाने उतरे पिता व दो पुत्रों के साथ पड़ोस के युवक की भी गई जान

मौत का कुआं, एक-एक करके लील गया पांच जिंदगी

पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला शव

एक साथ जली पांच चिताएं तो गांव सहित अंचल में पसरा मातम

बिर्रा थाना क्षेत्र के किकिरदा गांव में सुबह 7 बजे की घटना

दोनों जिले के कलेक्टर एसपी के साथ पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-किकिरदा

किकिरदा गांव के कुआं में एक-एक करके पांच लोगों की मौत की घटना ने गांव सहित अंचल को हिलाकर रख दिया। एसडीआरएफ की मदद से शवों को बाहर निकालने और पीएम पश्चात एक साथ पांच चिताएं जली तो गांव सहित अंचल रो पड़ा। इधर इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम किकिरदा निवासी रामचंद्र जायसवाल पिता फनी राम जायसवाल उम्र 70 वर्ष शुक्रवार 5 जुलाई की सुबह अपने घर के आंगन में स्थित कुआं में गिरे लकड़ी को निकालने के लिए उतरा था। उसका कुछ पता नहीं चला तो परिवार के लोगों ने मदद की गुहार लगाई, जिस पर पड़ोसी रमेश पटेल उम्र 50 वर्ष मदद के लिए पहुंचा। वह कुएं में उतरा और कुछ देर बाद उसका पता नहीं चला तो उसके बेटे राजेंद्र पटेल उम्र 18 वर्ष और जितेंद्र पटेल उम्र 21 वर्ष एक-एक करके नीचे उतर गए। उनकी आवाज नहीं मिलने पर उनका पड़ोसी टिकेश्वर चंद्रा उम्र 25 वर्ष मदद के लिए पहुंचा और वह भी कुआं में उतर गया और उसकी भी वही हालत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। स्थिति देखकर अफसरों ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाई। तत्पश्चात रेस्क्यू करके पांचों शवों को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे अफसरों ने डॉक्टरों की टीम बुलाकर पीएम कराया। तत्पश्चात शव को परिजनों को सौंपा गया। इधर दोपहर बाद गांव में एक साथ पांचों शवों का अंतिम संस्कार किया गया तो लोगों की आंखें छलक उठी। पूरे गांव में मातम छा गया।

घटना स्थल पर जुटी लोगों की भारी भीड़।

शव को निकालने में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

किकिरदा गांव में कुएं में पांच लोगों की मौत की घटना की सूचना पर जांजगीर व सक्ती दोनों जिले के अधिकारी सकते में आ गए। दरअसल घटना की सूचना बिर्रा थानें में दी गई। इस पर बिर्रा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके उपरांत जांजगीर से पुलिस कप्तान विवेक शुक्ला अपनी पूरी टीम के साथ पहुंच गए। दूसरी ओर किकिरदा गांव सक्ती जिला के हसौद तहसील में आता है। ऐसे में हसौद के तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल मौके पर पहुंचे। इसके बाद सक्ती एसपी अंकिता शर्मा, कुछ ही देर में जांजगीर कलेक्टर आकाश छिकारा, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के साथ दोनों जिले के पुलिस और प्रशासनिक टीम पहुंची, फिर एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय जवानों की टीम ने रेस्क्यू करके पांचों शवों को बाहर निकाला।

जनप्रतिनिधियों के साथ उमड़ पड़ी क्षेत्रभर के लोगों की भीड़

किकिरदा गांव में कुआं में एक-एक करके पांच लोगों के मौत की घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुटने लगी। क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू के साथ पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, केशव चंद्रा और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पहुंचे। इसके अलावा बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने घटना की पूरी जानकारी ली और शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना भी प्रकट की।

भारत नाट्यम...

सक्ती। जिंदल वर्ल्ड स्कूल कंचनपुर की कक्षा चौथी की छात्रा प्रिशा अग्रवाल ने 4 जुलाई को रायपुर द्वारा संचालित कृष्णा पब्लिक स्कूल, कमल विहार में कौशल महोत्सव नेशनल डांस प्रतियोगिता में भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय के नाम को गौरान्वित किया। संस्था प्रमुख द्वारा ज्योति श्रीवास नृत्य शिक्षिका को गुरु सम्मान हेतु शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फोटो : हरिभूमि

पानी भरने के विवाद पर भिड़ी महिलाएं, कुंआ पार से टकराया सिर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कुंए में पानी भरने के विवाद पर दो महिलाओं में झड़प हो गई। इस पर तैश पर आकर एक महिला ने बुजुर्ग महिला को धक्का दे दिया। जिससे वह कुंए के दीवार में जा टकराई और उसकी मौत हो गई। घटना डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरियागढ़ की है।

खास बात

- डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरियागढ़ की घटना

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 5 जुलाई को डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरियागढ़ निवासी जयश्री भारद्वाज के घर के आंगन स्थित कुएं में टुल्लू पंप लगा रही थी। उसी समय जयश्री भारद्वाज वहां आई और गाली-गलौज करने लगी। गाली-गलौज की आवाज सुनकर रेशम की दादी मोहनमती वहां आई और गाली देने से मना किया। इससे नाराज होकर जयश्री ने बुजुर्ग को धक्का दे दिया। जिससे मोहनमत का सिर कुएं के दीवार से टकरा गई। जिससे महिला खून से लथपथ होकर बेहोश हो गई। वहां मौजूद लोगों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले गए। इधर मोहनमत का खून अधिक बह जाने के कारण उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज प्रारंभ किया। अस्पताल में डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी जयश्री भारद्वाज उम्र 42 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्रवाई में डभरा थाना क्षेत्र के स्टाफ का योगदान रहा।

पुलिस गिरफ्त में महिला आरोपी।

बदहाल सड़क से आवागमन करना लोगों के लिए मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय से लगे पेण्ड्री गांव में सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जिसके चलते लोगों को इस मार्ग से होकर गुजरना परेशानी का सबब बना हुआ है। जिम्मेदार विभाग के अफसर मार्ग की व्यवस्था सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है।

ज्ञात हो कि केरा रोड जिला के सबसे व्यस्ततम मार्ग में से एक है जबकि इस सड़क पर मंडी चौक से नेशनल हाईवे 49 तक सैकड़ो गड्ढे बन चुके हैं। इस पर दर्जनों राहगीरो दुर्घटना के शिकार हो चुके है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग का अमला सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर नहीं है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी ना तो जन प्रतिनिधि समस्या का समाधान करने आगे आ रहे हैं ना प्रशासन की आंखों से पट्टी हट रही है।

बदहाल सड़क से आवागमन करने मजबूर हो रहे लोग।

लाखों का लोन दिलाकर ठगी, महिला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोन दिलाने के नाम पर लाखो रुपए की धोखाधड़ी करने वाली महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जुलाई को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थीया एवं अन्य महिलाओं को संक्रांति प्रधान व उसके साथी के द्वारा लोन दिलाकर लोन के रकम को स्वयं अपने उपयोग कर जमा न कर धोखाधड़ी किया है। प्रकरण की विवेचना दौरान संक्रांति प्रधान निवासी जांजगीर को मुखबिर सूचना से पकड़ा। पूछताछ करने पर प्रार्थिया एवं अन्य महिलाओं से लोन के नाम पर अपने साथी के साथ मिलकर धोखाधड़ी करना स्वीकार करने पर 5 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं। कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल, रेखा यादव का योगदान रहा।

जिम्मेदार अफसरों को समस्या से नहीं कोई सरोकार

साक्षरता कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को 6 महीने से वेतन का भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में कार्यरत सहायक ग्रेड एवं चपरासी को विगत 6 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। जिसके चलते उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। वहीं आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि अशिक्षित लोगों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने वाले नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अधिकारी कर्मचारी इन दोनों वेतनमान की समस्या से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2024 के जनवरी महीने से ही उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। जिसके चलते कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। साक्षर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय जांजगीर एवं ब्लॉक को मिलाकर करीब 10 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें सहायक ग्रेड 3 सहायक ग्रेड 2 एवं चपरासी कार्यरत है जिन्हें 6 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। विभागीय जानकारी के मुताबिक इन सभी कर्मचारियों को हर महीने करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान किया जाना रहता है।वही 6 महीने की यह राशि बढ़कर 7 लाख 20 हजार रुपए तक जहां पहुंची है। ऐसे में इन कर्मचारियों को लाखों रुपए का भुगतान करना बाकी है। इस तरह की समस्या अक्सर कई बार निर्मित होती है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार उच्च अधिकारी कर्मचारियों को सही समय पर वेतनमान का भुगतान करने को लेकर गंभीर नहीं है। जिसका खामियाजा साक्षर भारत कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। साक्षर भारत कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी न केवल अशिक्षित लोगों को साक्षर बनाने की अभियान में लगे हुए हैं, बल्कि रोज की दिनचर्या के मुताबिक विभागीय कामकाज भी निपटाना पड़ता है। जिसमें अशिक्षितों की जानकारी पढ़ाई लिखाई को लेकर जागरूकता अभियान सहित अन्य काम भी शामिल है।

बच्चों के लिए पुस्तक कॉपी की भी करनी है व्यवस्था

साक्षर भारत कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को 6 महीने से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है इनमें से कई कर्मचारियों के बच्चे पढ़ाई-लिखाई भी कर रहे हैं वर्तमान समय में बच्चों की पढ़ाई लिखाई सोमवार 1 जुलाई से प्रारंभ भी हो गई है वही इन बच्चों के लिए पुस्तक कॉपी से लेकर यूनिफॉर्म एवं फीस की व्यवस्था करना भी इन कर्मचारियों के लिए काफी कठिन हो रहा है इस तरह की समस्या अक्सर कई बार होती रहती है इन सब के बावजूद जिम्मेदार विभाग के उच्च अधिकारी समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।

कराया गया है अवगत

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को 6 महीने से वेतनमान का भुगतान नहीं हो पाया है इस बात की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है।

-श्रीमती विजया सिंह राठौर
परियोजना अधिकारी, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

ईंट भट्टा कर्मचारी गिरा ट्रेन से, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

एक अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रेक के पास पड़ा हुआ है। आशंका है की किसी ट्रेन से युवक की गिरने से मौत हुई है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव की पहचान बिलासपुर स्थित जबरापारा के विजय केंवट के रूप में की गई। आशंका जताई जा रही है की यह रात को सफर करने के दौरान ट्रेन के गेट में बैठा रहा होगा और अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे युवक की मौत हुई होगी। घटना के बाद पुलिस टीम ने युवक के शव को पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

कल्याणपुर गांव से होकर गुजरी रेलवे ट्रेक में युवक का शव मिला है। आशंका है की ट्रेन से गिरने से मौत हुई है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

- अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याण का मामला

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 5 जुलाई को बिलासपुर के जबरापारा निवासी विजय केंवट पिता राजू केंवट उम्र 22 वर्ष लखनऊ स्थित ईंट भट्ठे में काम करके वापस लौट रहा था। युवक को बिलासपुर के उसलापुर स्टेशन में उतरना था, लेकिन वह अपनी बहन के घर अकलतरा आने के लिए लोकल ट्रेन में सवार हो गया। इस दौरान अकलतरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी की

5 july janj bhoomi-2_Layout 1 7/5/2024 9:59 PM Page 1

खबर संक्षेप

अनहोनी से बचने, तीन मार्गों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

कोरबा। एनएच-130 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया गया। इससे सडक़ हादसों में कुछ सीमा तक कमी आई है। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है। कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर ट्रैफिक प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर के नेतृत्व में टीम रेडियम पट्टी रिफलेक्टर लगाने का काम किया गया। बताया गया कि योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य को किया जा रहा है। खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका ज्यादा बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है। श्री मांझी ने भी वाहन चालकों को गाडिय़ों में दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लगाने को कहा गया है।

शासकीय ग्राम्य भारतीय महाविद्यालय में वरीयता सूची जारी

हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु प्रथम प्रवीण सूची जारी कर दी गई है। प्रथम सूची के आधार पर प्रवेश की अंतिम तिथि 8 जुलाई तक है। सभी महाविद्यालय आकर वरीयता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

सीबीएसई सीटेट की परीक्षा कल, 2 पालियों में होगी परीक्षा

कोरबा। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा सीबीएसई सीटेट 2024 का आयोजन कोरबा जिले के आठ विद्यालयों में पहली बार 7 जुलाई को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 3090 एवं दूसरी पाली में 1491 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर कैलाश पंवार, प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको ने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रथम पाली में पेपर-दो एवं द्वितीय पाली में पेपर-एक की परीक्षा होगी।

विश्व जनसंख्या दिवस 24 तक मनाया जाएगा

कोरबा। जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 जून से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीन भागों में बांटा गया है। प्रारंभिक चरण में पखवाड़ा के सुचारू रोल आउट सुनिश्चित करने की तैयारियों पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा।

बिजली बंद होने से पानी टंकी नहीं भर पाई, परेशान हुए लोग

कोरबा। जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था कुछ डीनो से बाधित हैं। इसी कारण कोरबा अंचल के कोहड़िया क्षेत्र में बिजली बंद होने की वजह से टंकी नहीं भर पाई। जिससे शहर के साथ पश्चिम क्षेत्र में पानी आपूर्ति प्रभावित हुई। सुबह 11 से 3 बजे तक कई क्षेत्रों में पानी आपूर्ति तो हुई लेकिन लोगों ने बताया कि पानी काफी मटमैला होने से उपयोग के लायक नहीं था।

10 साल के इंतजार के बाद अमगांव के प्रभावितों को मिलेगी मुआवजे की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा लंबे समय से जारी आंदोलन और प्रयासों के बाद अब आखिरकार ग्राम अमगांव, जोकाहीडबरी के मुआवजा के लिए अपात्र किये गए 91 परिवारों को प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन ने पात्र मानते हुए भुगतान की स्वीकृति दी है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है वर्ष 2010 में ग्राम अमगांव की जमीनों का अर्जन एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा किया गया था। वर्ष 2015 में नापी सर्वे के बाद जोकाहीडबरी मोहल्ले के 91 परिवारों को उनके मकान व जमीन के बदले दी जाने वाली मुआवजा के लिए जिला प्रशासन और प्रबंधन द्वारा अपात्र घोषित कर दिए जाने के कारण विगत 10 सालों से भूविस्थापितों का मुआवजा लटका पड़ा था। जिसके लिए विगत जनवरी माह से ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा आंदोलन चलाया जा रहा था। आखिरकार जिला प्रशासन ने अपात्र कर दिए गए लोंगों को पात्र मानते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया है कि जोकाही डबरी स्थित 142 मकान और परिसम्पतियों का सर्वे के बाद 112 लोंगो को खुद की जमीन पर मकान नहीं होने के कारण अपात्र घोषित कर दिया गया था, उसके बाद 11 लोंगो को भी पात्र मानते हुए मुआवजा का भुगतान कर दिया गया था, बाकी 91 प्रभावित पिछले 10 सालों से मुआवजा पाने के लिए भटक रहे थे। जिसके लिए संगठन ने जनवरी माह से धरना प्रदर्शन के साथ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का सहयोग लेकर दबाव बनाया और उसके बाद अपात्र किए प्रभावित लोंगो को पात्र मानते हुए अनुविभागीय अधिकारी का आदेश जारी होने के बाद मुआवजा के लिए कार्यालय में आवेदन जमा लिए जा रहे हैं।

उर्जाधानी संगठन के संघर्ष ने विस्थापित परिवारों को दिलाया अधिकार

मुआवजा राशि में कटौती का विरोध

10 सालों से मुआवजा के लिए इंतजार करने के बाद एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के भू-राजस्व कार्यालय द्वारा जारी आदेश और सूचना पत्र में निर्धारित राशि की जानकारी दी गयी है जिसमे पूर्व में स्वीकृत राशि मे 30 प्रतिशत की कटौती किया गया है, जिसका विरोध और आपत्ति करते हुऐ आवेदन जमा कराया जा रहा है।

ट्रांसफार्मर फेल होने के बाद भी विभाग बदलने की नहीं कर रहा है पहल

दमखाचा में चार दिनों से छाया है अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले 5 दिनों से लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। ऐसे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचोली भी बदस्तूर जारी है तो वहीं दूसरी ओर एक गांव में पिछले चार दिनों से अंधेरा छाया हुआ है ट्रांसफार्मर फेल हो जाने के बाद भी विभाग उसे बदलने की दिशा पर जहमत नहीं उठा रहा है जिससे ग्रामीणों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मड़वारानी से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम दमखांचा में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है पिछले 4 दिनों से ट्रांसफार्मर फेल हो गया है और गांव में अंधेरा छाया हुआ है जिसमें गांव की 2 हजार की आबादी अंधेरे में डूबी हुई है। ग्रामीणों द्वारा लगातार अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा रही है लेकिन इसके बाद भी विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारी सुध नहीं ले रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले 4 दिनों से बिजली बंद होने की वजह से गांव में लोगों को ठीक से पानी नहीं मिल पा रहा है और ना ही अन्य सुविधाएं मिल पा रही है। यहां तक कि मोबाइल को चार्जिंग करने के लिए ग्रामीणों को दूसरे गांव की ओर रुख करना पड़ रहा है। साथ ही इस बारिश के सीजन में लगातार बारिश होने के चलते गांव में सांप, बिच्छू का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलने की दिशा पर पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में उनके द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

ग्राम दमखांचा स्थित ट्रांसफार्मर जो हो गया है फैल।

5 दिनों में 10 से अधिक ट्रांसफार्मर हो गए हैं फेल

विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की मानें तो जिले में लगातार हो रही बारिश व लाइटनिंग की वजह से इसका सीधा असर ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से हो रही बारिश के चलते विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले कई गांव में लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर फेल हो गए हैं। जिन्हें बदलने की कवायद विभाग ने शुरू कर दी है। कुछ गांव में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है तो कुछ स्थानों पर चेक कर उसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है और बारी-बारी से विद्युत वितरण विभाग के सेंट्रल स्टोर से ट्रांसफार्मर की डिमांड की गई है और डिमांड के अनुसार ट्रांसफार्मर मिलते जा रहा है और अलग-अलग गांव में फेल हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद की जा रही है।

लगातार टीम कर रही है काम

बारिश व लाइटनिंग की वजह से 10 से अधिक ट्रांसफार्मर फेल हो गए हैं। जिसमें से कुछ ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है तो कुछ को बदलने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। लाइटनिंग व बारिश की चलते विद्युत विभाग को मेंटेनेंस करने में भी परेशानी हो रही है। विभाग लगातार दिन-रात मेंटेनेंस कर व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी हुई है।
-बी बी नेताम, डीई, ग्रामीण कोरबा

बेलाकछार व संगमनगर के ग्रामीणों ने की वाणिज्य मंत्री से मुलाकात

ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत दोंदरो के ग्राम बेलाकछार व संगम नगर में विद्युतीकरण को लगभग 40 से 50 वर्ष हो चुके हैं जहां अभी भी पुराना टूटा-फूटा जर्जर विद्युत तार लगा हुआ है। जिसके कारण विद्युत तार आए दिन टूट कर गिरते रहते हैं और आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। विद्युत तार के आए दिन टूटकर गिरने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। लगभग 1 वर्ष पूर्व विद्युत तार टूटकर गिरने से गांव में एक महिला की भी मौत हो चुकी है। ग्राम बेला जो कि दरी जोन में शामिल है जिसमें लाइन खराब होने पर जल्द सुधार कार्य नहीं किया जाता है और दरी जोन के अधिकारी व लाइनमेंन को फोन करने पर फोन नहीं उठाते हैं। लाइनमेंन के द्वारा कभी भी समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं। इसके संबंध में दरी जोन के अधिकारियों को ग्रामवासियों के द्वारा कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए दोनों पंचायत के ग्राम बेलाकछार और संगमनगर को दरी जोन से हटाकर पाड़ीमार जोन में जोड़कर अलग फीडर लगाए जाने व सब स्टेशन निर्माण करने के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया है। बेलाकछार स्कूल मोहल्ले में विद्युत विभाग से नया विद्युतीकरण ट्रांसफार्मर लगा जाने से स्वीकृति दी गई थी परंतु आज तक विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगा है जिसके कारण ग्रामीणों को बिजली की अत्यंत गंभीर समस्या सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसे लेकर प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रममंत्री लखनलाल से मिले।

झमाझम बारिश ने बिगाड़ी शहर की सूरत, उखड़ने लगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली बारिश में ही नगर निगम क्षेत्र की कई सड़कें उखड़ने लग गई हैं और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। जबकि इसका निर्माण तीन साल की गारंटी पर किया गया है। दूसरी ओर निगम द्वारा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं की गई है। लगातार बारिश की वजह से शहर की सड़कों की बजरी जगह-जगह से उखड़ गई है। बाइक में चलते समय ब्रेक लगाने पर फिसलने का डर बना रहता है। चार दिनों की बारिश में सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश में जहां पानी का ठहराव होता है वहां सड़क उखड़ जाती है।

निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। इन सड़क की गुणवत्ता परख कर ही निर्माण एजेंसी का बिल पास किया गया था। ठेका शर्तों के अनुसार तीन वर्ष तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की है , लेकिन निगम क्षेत्र की कई सड़कें एक वर्ष भी टिक नहीं पा रही हैं। सड़क पहली ही बारिश में उखड़नें लगी है। निगम द्वारा निर्माण एजेंसियों से किस ढंग से काम कराया गया है और उसमें कितनी गुणवत्ता है।

सड़क में हो गए जगह-जगह गड्ढे

नगर निगम द्वारा क्षेत्र की कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। इनमें घंटाघर मार्ग, बुधवारी-आईटीआई मार्ग, सुनालिया नहर मार्ग स्टेशन तक, महाराणा प्रताप नगर मार्ग शामिल हैं। यहां तीन साल में दो बार डामरीकरण कराया जा चुका है। बावजूद सड़क की हालत बारिश शुरू होते ही जर्जर हो गई है, सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। निगम द्वारा साकेत भवन के सामने से तहसील कार्यालय तक, प्रेस क्लब के सामने रिकांडो रोड, वीआईपी रोड का डामरीकरण का कार्य कराया गया है, लेकिन बारिश शुरू होते ही इन सड़कों का हाल भी किसी से छिपा नहीं है। सड़क में जगहजगह गड्ढा हो गया है और गिट्टी उखड़ गई है। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

जनपद के तकनीकी सहायक के घर हुई लाखों की चोरी

कोरबा। एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मकान मालिक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत पावरसिटी अयोध्यापुरी दर्री निवासी अमितोष राठौर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ है। 2 जुलाई की रात लगभग 7.10 बजे अमितोष परिवार सहित अपने मूल निवास गया था। 3 जुलाई की सुबह लगभग 10.30 बजे अमितोष के पड़ोसी हितेश गभेल ने फोन के माध्यम से सूचना दिया गया कि उसके मकान का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। तब अमितोष घर आया और देखा कि घर अंदर कमरा में लगे ताला टूटा हुआ था, सामान बिखरा हुआ था कमरे के अंदर रखे लकड़ी के दिवान में रखे सोने का झुमका 4 नग, सोने के रानी हार 1 सेट, सोने की चूड़ी 4 नग , सोने की हार 1, मंगल सूत्र 1, अंगूठी 2 लेडिस , 2 जेंटस, सोने का सुई धागा (लटकन), छोटा लाकेट 2 नग एवं दूसरे कमरे के आलमारी के अंदर रखे सोने का 2 चैन, 1 मंगल सूत्र, 1 सोने का कड़ा पुरानी इस्तेमाली कीमती लगभग 2 लाख 70 हजार रूपये नगदी रकम लगभग 53 हजार रूपये कुल 3 लाख 23 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। अमितोष की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

शराब दुकान में सेंध, नहीं मिला नकद तो ले भागे 4 पेटी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों ने चार पेटी शराब और नकदी रकम की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह सेल्समैन जब दुकान पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

देशी शराब दुकान जहां सेधकर लगाकर हुई है चोरी।

खास बात

- सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के बरमपुर शराब दुकान का मामला

जिले में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मकान, दुकान के बाद अब वे शराब दुकानों को भी शिकार बनाने से नहीं चूक रहे हैं। सर्वमंगला चौकी अंतर्गत बरमपुर में संचालित देसी शराब दुकान में सेंध मारकर अज्ञात चोरों ने 4 पेटी देसी शराब की चोरी कर ली, इतना ही नहीं उन्होंने गल्ले में रखा 6 हजार रुपए भी पार कर दिया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब दुकान के कर्मचारी दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान की पिछली दीवार पर सेंध लगी हुई थी। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूत कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

आराम फरमा रहे थे दोनों गार्ड

आबकारी विभाग द्वारा सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर स्थित देसी शराब दुकानों में सुरक्षा के लिए गार्ड्स की तैनाती की गई है। बताया जाता है कि बीती रात को बरमपुर स्थित शराब दुकान में कृष्णभान व गंगा प्रसाद नामक सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगी थी लेकिन दोनों सुरक्षा करने की वजह दुकान में आराम फरमा रहे थे और गहरी नींद में सो गए थे उन्हें यह भी नहीं पता चला कि चोरों ने सेंध लगाकर दुकान में प्रवेश किया और वहां रखा नगदी रकम व चार पेटी शराब ले भागे। आबकारी विभाग द्वारा इस मामले में छानबीन की जा रही है। गार्डों की गलती के चलते ही यह चोरी की घटना सामने आई है। आबकारी विभाग सुरक्षा में तैनात आराम करने वाले गार्ड्स के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

शराब दुकान चोरों के निशाने पर

जिले में बदमाश इतने शातिर हो गए हैं कि मकान और घरों में चोरी करने के बाद अब देसी विदेशी शराब दुकानों को निशाना बना रहे हैं। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में शराब दुकानों में लूटपाट की घटना भी सामने आ चुकी है तो अब शराब दुकानों में सेंधमारी कर शराब चोरी करने लगे हैं। इससे यह साफ है कि चोर चोरी करने पहुंचे थे लेकिन मंशूबों पर कामयाब नहीं होने पर चोरों ने शराब की बोतल ही गायब कर दी है। फिलहाल सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम चोरों के गिरेबान तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा ले रही है देखना है कि पुलिस इस मामले को कब तक सुलझा पाती है।

यात्री बसें निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही गंतव्य तक

हरदीबाजार-बलौदा मार्ग गड्ढों में तब्दील, रोजाना लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क की वजह से हरदीबाजार-बलौदा मुख्य मार्ग पर रोज जाम लगने की स्थिति निर्मित हो रही है। इस मार्ग पर दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। गुरूवार को भी लगभग 4 घंटे तक मार्ग में आवागमन बाधित रहा, जिसकी वजह से इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री गाड़ी भी निर्धारित समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सकी।

उल्लेखनीय है कि हरदीबाजार-बलौदा मुख्य मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर गेवरा-दीपका से कोयला लोड़ भारी वाहन व विपरीत दिशा से आती खाली वाहनों का दबाव 24 घंटे बना रहता है। दीपका-हरदीबाजार से रोजाना हर दो घंटे के अंतराल में यात्रियों को लेकर यात्री बसें मुड़ापार, जोरहाडबरी, बुडगहन, सराईताल, होकर बलौदा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बिलासपुर को जाती है। लेकिन विगत कुछ माह से जोरहाडबरी के पास सड़क पूरी तरह ख़राब होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिसके कारण भारी वाहनों के फंसने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय में निकली बसें रोजाना घंटों लेट हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी इन बसों में बैठै बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। इस दिशा में सड़क परिवहन विभाग व जिला प्रशासन को संज्ञान लेकर व्यवस्था को सुधारने की जरुरत है। जनवरी-फरवरी माह में सड़क का पुनं नवनिर्माण का कार्य आरंभ हुआ था, जिसे संबंधित सड़क निर्माण ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण बीच बीच-बीच में छोड़कर किया गया है।

लगा वाहनों का जाम।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक /866/तह./वा.24
अकलतरा दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क्रं. ..... /ब-121/2024
ग्राम अकलतरा प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक अनिल कुमार पिता नारायण प्रसाद जाति सतनामी निवासी ग्राम खम्हरिया थाना हरदी बाजार तहसील हरदी बाजार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके भैया विनोद कुमार पिता नारायण प्रसाद की मृत्यु दिनांक 27/07/2022 को ग्राम अकलतरा में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम अकलतरा में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/07/2024 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
अकलतरा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR
ADMISSION GUIDENS 2024-25

SN.	Cours	Duration	Qualification
01	BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	3 Year	12th Bio
02	DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	2 Year	12th Bio
03	BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी)	4 Year	12th Bio
04	OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट)	2 Year	12th Bio
05	D. PHARMA	2 Year	12th Bio&Maths

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रुट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खमन ढ़ोकला, कचौड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942

5-July- Jash-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/5/2024 7:32 PM Page 1



कटप्पा ने शुरू की सलमान की 'सिकंदर' की शूटिंग...

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में 'बाहुबली' के कटप्पा यानी एक्टर सत्यराज भी नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि वे इसमें खलनायक का किरदार अदा करेंगे। उन्होंने भी शूटिंग शुरू कर दी है। सेट से निर्माताओं ने सत्यराज के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इसके अलावा प्रतीब बब्बर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने प्रतीक और सत्यराज दोनों का सेट पर स्वागत किया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण के लोकप्रिय निर्देशक एआर मुरुगडस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें तीन तस्वीरें हैं।

लाइफ Style

दीपिका

'विपरीत करणी' आसन के बताए फायदे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भावस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं।

दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं। विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, 'संस्कृति में 'विपरीत' का अर्थ है 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ है 'कार्रवाई में'। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है। दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है'।

हॉलीवुड मसाला

डेडपूल के किरदार को लेकर डर था

लॉस एंजिलिस। अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में डेडपूल की अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। डिज्नी और फॉक्स के विलय के कारण अभिनेता को लगा था कि वह फिर से सुपरहीरो की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डेडपूल और वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि उन्हें डेडपूल की ड्रेस दोबारा न पहनने का डर क्यों था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ऐसा किरदार एमसीयू में कैसे फिट होगा।

ह्यू जैकमैन ने की केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ

लॉस एंजिलिस। ह्यू जैकमैन ने फिल्म एक्स मेन के लिए ऑडिशन दिया था। उनका वो ऑडिशन काफी खराब गया था। उन्होंने हाल में इस ऑडिशन को याद करते हुए केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ की है। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें वह रयान रेनॉल्ड्स के साथ स्क्रीन साझा करते हुए दिखाई देंगे। ह्यू जैकमैन ने कई बार स्क्रीन पर वॉल्वरिन बनकर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। मगर अब ये कल्पना करना वाकई काफी मुश्किल होगा कि ह्यू जैकमैन मार्वल फिल्मों में वॉल्वरिन का किरदार निभाएं। हालांकि ऐसा कुछ तय नहीं हुआ था। मगर उन्होंने मार्वल स्टूडियो की फिल्म के लिए एक बार ऑडिशन दिया था।



साझा की शादी की नई झलकियां...

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड, फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली है। हाल ही में. एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, आयरा ने अपनी शादी के जश्न के कुछ सबसे प्यारे पलों को साझा किया है और उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त की जिन्होंने उनकी शादी की प्लानिंग अच्छे से की। आयरा ने इस अनुभव को दोबारा जीने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि यदि वे कभी ऐसा दोबारा करेंगे तो वे चाहेंगी कि इसमें वही लोग शामिल हों, क्योंकि उनके बिना यह अनुभव वैसा नहीं होगा। आयरा के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि हमारा कभी इतना ख्याल रखा गया होगा। योजना और रेकी से लेकर शादी तक। सभी कर्मचारियों ने जो देखभाल, उत्साह और रुचि दिखाई, वह दिल को छू लेने वाली थी।'

ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार श्रीकांत

मुंबई। राजकुमार राव, अलाया एफ और ज्योतिका अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही लोगों का खूब दिल जीता है। प्रशंसक दृष्टिहीन श्रीकांत बोला के रूप में राजकुमार राव की प्रशंसा कर रहे हैं। अगर दर्शक इस मास्टरपीस को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं तो अब उन दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। फिल्म अब ओटीटी पर भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसकी आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद 'श्रीकांत' अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। नेटफ्लिक्स इस साल मई में रिलीज होने के बाद 5 जुलाई को राजकुमार राव अभिनीत फिल्म को रिलीज करेगा। बायोपिक बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक और दृष्टिबाधित उद्यमी श्रीकांत बोला की कहानी है।

टीवी मसाला

हिना खान को एकता कपूर ने बताया 'हीरो'

नई दिल्ली। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर कर सभी को बताया कि वह तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हैं। उनके बताने के बाद से ही उन्हें इंडस्ट्री में उनके दोस्तों और फैंस का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने उन्हें 'फाइटर' कहा था और अब एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर हिना खान को अपना 'हीरो' बताया है। एकता ने हिना खान के लिए पोस्ट शेयर किया और एक्ट्रेस की वीडियो लगाकर उसमें कैप्शन में उन्हें 'मेरी हीरो' कहा है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हिना खान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस कैंसर का पता चलने के बावजूद एक अवॉर्ड नाइट में शिरकत करती नजर आ रही हैं। एकता ने एक लिखा- 'स्टार, सुपरस्टार!!!! सच में मेरी हीरो हिना खान।' अब हिना खान ने एकता कपूर को थैंक्स बोलते हुए कहा, 'एक असली क्वीन दूसरों को हिम्मत देती है और जब से आपको पता चला है तब से आप मुझे हिम्मत दे रहे हो। जिस तरह से आप मेरा ध्यान रखते हैं उससे और मुझे ताकत मिलती है। एकता कपूर, लव यू।'

'जो मैं कर चुकी हूं, वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं'...

नई दिल्ली। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनकी हर एक अदा पर फैंस कायल हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर श्वेता अपने हुस्न का जलवा दिखाती रहती है। श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के सीरियल 'कसौटी जिंदगी से' शुरुआत की थी। इस शो मे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके बाद से श्वेता ने कई हिट सीरियल किए और उन्होंने अपनी घर-घर में पहचान बना ली। 'बिग बॉस' सीजन 4 की विनर रह चुकीं श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में श्वेता ने बताया कि, 'जो मैं कर चुकी हूं, मैं वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं। अगर आप आज टीवी देखो तो हर चीज सेम चल रही है। मैं तो अब टीवी देखना भी पसंद नहीं करती हूं, मम्मी-पापा देखते थे तब मैं भी देखती थी, लेकिन अब टीवी में पता नहीं क्या ही जादू की तरह चीजें दिखाई जा रही हैं।

अक्षय-राधिका की रोमांटिक केमिस्ट्री करवाएगी सरफिरा को हिट..!

नई दिल्ली। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का एक और गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आपको अक्षय कुमार और राधिका मदान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। राधिका का महाराष्ट्रियन लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। गाने में अक्षय राधिका को अप्रोच करते नजर आ रहे हैं। साफ है कि इनकी एक प्यारी सी लव स्टोरी फिल्म की कहानी का हिस्सा होगा। अब राधिका मदान के हाथ कितना काम लगता है ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही सामने आएगा। ये फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है गाने की बात करें तो इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और इसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। अक्षय कुमार ने गाना अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया तो फैन्स का भी खूब प्यार मिला। ज्यादातर लोग लीड स्टार्स की केमिस्ट्री को खासा पसंद कर रहे हैं। राधिका के साथ अक्षय कुमार की पेयरिंग काफी फ्रेश लग रही है। राधिका ने भी इस तरह का रोल पहली बार ही किया है। साड़ी वाले फुल एथनिक मराठी लुक उनपर सूट कर रहा है।

वजह का अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

अमजद खान से कई साल तक नफरत करते रहे अभिषेक बच्चन

नई दिल्ली। 80 के दौर में अमिताभ बच्चन और अमजद खान की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया था। दोनों ने शोले, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, याराना सत्ते पे सत्ता, लावारिस जैसी दर्जनों हिट फिल्में दी। किसी फिल्म में अमजद खान को सपोर्टिंग हीरो, तो किसी में निगेटिव रोल भी मिला, लेकिन बचपन में अमिताभ बच्चन के बेटे अमजद खान को बुरा आदमी समझते थे और उनसे बहुत डरते भी थे। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने संजय दत्त के सामने किया। इंस्टाग्राम पर केबीसी का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ संजय दत्त बैठे हुए हैं और अमिताभ बच्चन अपने दौर का एक किस्सा सुना रहे हैं और बता रहे हैं कि जब मेरा बेटा अभिषेक छोटा था, तो वो मेरे दोस्त अमजद खान से बहुत नफरत करता था। उसे लगता था कि वह बड़े पर्दे पर निगेटिव रोल निभाते हैं, इसलिए बुरे आदमी हैं। एक बार जब किसी पार्टी में अमजद खान और अमिताभ बच्चन एक साथ बात कर रहे थे, तो उसे देखकर अभिषेक बहुत डर गए और उन्हें लगा कि अब यहां लड़ाई-झगड़ा होने वाला है। ये किस्सा सुनकर हॉट सीट पर बैठे संजय दत्त भी हंसने लगे।

70 से 80 तक खूब चली अमजद और अमिताभ की जोड़ी

अमिताभ बच्चन और अमजद खान सबसे पहले फिल्म शोले में एक साथ नजर आए थे, यह फिल्म 1975 में रिलीज हुई थी और सुपर डुपर हिट फिल्म रही थी। इसके अलावा 1977 में वह परवरिश फिल्म में नजर आए थे। 1978 में गंगा की सौगंध, 1979 में सुहाग, खून पसीना, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, सत्ते पे सत्ता, याराना, कालिया, मिस्टर नटवरलाल जैसी कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन अमजद खान के साथ काम कर चुके हैं और दोनों जिगरी यार भी रहे हैं। लेकिन उनका लुक और बड़े पर्दे पर उनका किरदार देखकर अभिषेक बच्चन उनसे डरते थे।

किसी ने झेली परिवार की नाराजगी तो किसी ने छोड़ा घर

परिवार से बगावत कर अभिनय की दुनिया में आए ये सितारे

नई दिल्ली। अभिनय की चकाचौंध दुनिया में कलाकार बनने का सपना लिए कई लोग आते हैं। कई लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर और शानदार अदाकारी के साथ अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाया है। आज बॉलीवुड में कई सितारों के अभिनय की तारीफ होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ सितारों को अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए परिवार की नाराजगी भी झेलनी पड़ी थी। चलिए आज हम आपको बताते हैं, उन सितारों के बारे में, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए परिवार से बगावत तक कर ली थी।

इरफान खान : बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक इरफान खान ने जब अभिनेता बनने की इच्छा जताई तो उन्हें अपने परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जयपुर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले इरफान ने अपने जुनून को आगे बढ़ाया और रूढ़ियों से अलग हटकर काम किया। उनके असाधारण अभिनय कौशल और दमदार फिल्मों ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।

करिश्मा कपूर : एक प्रसिद्ध फिल्मी खानदान का हिस्सा होने के बावजूद करिश्मा कपूर को बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री प्रवेश करने के फैसले पर परिवार से विरोध मिला था। उनके पिता रणधीर कपूर का मानना था कि कपूर परिवार की किसी भी महिला ने फिल्म उद्योग में काम नहीं किया है और इसलिए वे करिश्मा के फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने के फैसले के खिलाफ थे। अभिनेत्री ने 15 साल की छोटी उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।

राधिका आप्टे : राधिका आप्टे एक ऐसे परिवार से आती हैं, जहां उनके माता-पिता दोनों ही चिकित्सा पेशे का हिस्सा रहे हैं। उनका जन्म पुणे में हुआ था और उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया था, लेकिन प्रदर्शन कलाओं के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें फिल्म उद्योग में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता राधिका के अभिनेत्री बनने के उनके फैसले के खिलाफ थे। उनके पिता ने कथित तौर पर उनसे कहा कि यह एक दिमागहीन व्यवसाय है। हालांकि, राधिका अपने फैसले पर टिकी रहीं और अब वे बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।

कंगना रणौत : कंगना रनौत इंडस्ट्री की सबसे निडर, बोल्ड और मुखर अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने फिल्मों में अपना करियर शुरू किया तो उनके परिवार ने उनका विरोध किया। एक छोटे से शहर में जन्मीं कंगना का बॉलीवुड में सफर संघर्ष और विरोध से भरा रहा। उनके पिता चाहते थे कि वे डॉक्टर बनें। हालाँकि, उन्होंने फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया। हालांकि, इससे उनके परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे।

खबर संक्षेप

लायंस स्कूल चांपा में स्माइल फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार वितरण

चांपा। लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल चांपा में 5 जुलाई को स्माइल फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा विद्यार्थियों को मेडल, बैच, कैप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब एजूकेशनल सोसायटी के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल एवं वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे। लायंस स्कूल के बच्चों के द्वारा स्माइल फाउंडेशन हेतु अपना सहयोग प्रदान किया था। इस हेतु फाउंडेशन ने अनेक बच्चों को पुरस्कृत किया जिसमें चार विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, सात विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल एवं चार विद्यार्थियों ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण करते हुए अतिथियों ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल ने बच्चों की सराहना करते हुए उनके द्वारा किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर ने भी बच्चों को संबोधित किया। अंत में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

विद्युत दर में हुई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय में होगा धरना

जांजगीर-चांपा। विद्युत दर में हुई बेतहाशा वृद्धि एवं बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार 8 जुलाई को नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दिया है कि राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सर प्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 8 जुलाई सोमवार को नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयोजकत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात विद्युत दर में कमी करने एवं अघोषित विद्युत कटौती बंद करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय अनविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उक्त धरना प्रदर्शन में विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला,ब्लॉक ,निकाय , पंचायत पदाधिकारी ,प्रकोष्ठ,मोर्चा पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे ।

बीईओ ने प्रधान पाठक के निधन पर पीड़ित परिवार को दिया अनुग्रह राशि का चेक

चांपा। प्रधान पाठक के निधन पर बीईओ ने उनके घर जाकर उनकी पत्नी को 50 हजार रुपए का अनुग्रह राशि का चेकप्रदान किया। शासकीय प्राथमिक शाला दर्री के प्रधान पाठक सत्यप्रकाश राठौर के निधन पर उनकी पत्नी ईश्वरी राठौर को बीईओ एम डी दीवान ने गुरुवार को ही त्वरित अनुग्रह की राशि 50 हजार का चेक उनके निवास कोसमंदा जाकर प्रदान किया । इस अवसर पर प्राचार्य बसन्त चतुर्वेदी , मोहन यादव , सुशील शर्मा सहित मृतक के परिजन उपस्थित थे ।

नगरदा एवं सारागांव शासकीय महाविद्यालय के लिए राशि स्वीकृत

बाराद्वार। शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शासन द्वारा की गई है। इसके तहत प्रदेश के 17 महाविद्यालयो में 80 करोड़ रुपए जारी किया गया है। इसमें शासकीय महाविद्यालय नगरदा और सारागांव महाविद्यालय को भी शामिल किया गया है, जिन्हें चार-चार करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिलेगी। इस राशि से महाविद्यालयों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं विकसित करने का काम होगा।

बेल्हाडीह सचिव के खिलाफ पंचों ने खोला मोर्चा, कार्रवाई की मांग

बेल्हाडीह। जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत आने वाले बेल्हाडीह के सचिव के खिलाफ पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचों का कहना है कि सचिव द्वारा 29 लाख का गबन किया गया है। वहीं सचिव के स्थानांतरण की मांग भी की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के सचिव गांव में विगत 15 सालों से कार्यरत है। वहीं गांव में निवास भी नहीं करते। पंचों की शिकायत है कि पंचायत सचिव के द्वारा 29 लाख रुपए का गबन किया गया है। शिकायकर्ताओं ने बेल्हाडीह सचिव के स्थानांतरण की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में उपसरपंच गौरीबाई, जनक सिंह गोंड़, दयाराम रात्रे, लखन लाल साहू, चंदन प्रसाद, भूपेन्द्र कुमार, शांतिलाल, गोविंदा साहू, सुरेन्द्र बरेठ, राजकुमार, दुर्गा प्रसाद शामिल है।

अब तक जिले के 336 स्कूल भवनों का किया जा चुका कायाकल्प

स्कूल जतन योजना से सहेजे जा रहे जिले के शाला भवन, किया जा रहा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्कूलों में बच्चो को पढाई का बेहतर अवसर प्राप्त हो और पर्याप्त व्यवस्थाए सुनिश्चित रहे इसके लिए स्कूल जतन योजना के तहत जिले के शाला भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अब तक जिले के 336 स्कूल भवनों का कायाकल्प किया जा चुका है तथा 64 कार्यों का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है।

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होते ही विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा द्वारा लगातार विकासखंडवार बैठक आयोजित कर सभी शासकीय विद्यालयों में पढाई की गुणवत्ता सहित अन्य स्थिति की समीक्षा की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार शालाओं के जीर्णोद्धार और मरम्मत का कार्य सतत रूप से जारी है, जिसके तहत सक्ती जिले में स्कूल जतन योजना अंतर्गत अब तक 336 कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 64 कार्यों का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। शालाओं में शिक्षकों को पढ़ाने और बच्चों को पढ़ने के लिए

शासकीय प्राथमिक शाला आमापाली का किया गया कायाकल्प।

बेहतर माहौल और बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध हो सके इसके लिए शालाओं का जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

राज्य शासन की मंशानुरूप जिले के स्कूलों में बच्चो को पढाई का बेहतर अवसर प्राप्त हो और पर्याप्त व्यवस्थाए सुनिश्चित रहे इसके लिए जतन किये जा रहे है । जतन योजना के तहत पूर्ण कार्यों में कक्षों को सुसज्जित ढंग से रंग-रोगन कराया गया है जो आकर्षण का केंद्र है , जिससे नए कलेवर और रंग-रोगन के साथ सुसज्जित शालाओं में प्रवेशोत्सव के साथ विद्यार्थियों के मन में स्कूलों के प्रति लगाव और आकर्षण के साथ बेहतर पढ़ाई के लिए उत्साहित हो रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने बताया कि स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में से 336 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 64 कार्य अभी प्रगतिरत हैं। साथ ही 497 कार्यों का विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से पुनः परिक्षण कराया जा रहा है तथा परिक्षण उपरांत जानकारी शासन को प्रेषित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री चंद्रा ने बताया कि 400 प्रारंभ कार्यों में 319 कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, 80 कार्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एवं 1 कार्य जनपद पंचायत सक्ती द्वारा कराया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा शासन द्वारा स्वीकृत 73 कार्यों में 6 नवीन शाला भवन, 38 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 28 आहाता निर्माण एवं एक शौचालय निर्माण स्वीकृत है, जिनमें 69 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 4 कार्य प्रगतिरत हैं। जतन योजना से जहां शालाओं की मरम्मत कराई गई है, उन विद्यालयों का कायाकल्प हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निर्माण एवं सुधार कार्य पूर्ण हुए हैं, वहां के विद्यार्थी और पालक शालाओं के भवन के रंगरोगन और परिवेश से खुश नजर आ रहे हैं। जिले में स्कूल जतन योजना से कक्षाओं को आकर्षक रूप दिया गया है जिसे बाहर से भी लोग उत्सुकतापूर्वक देखने आ रहे हैं। कलेक्टर श्री तोपनो ने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के प्रधान डाकघर में संसाधनों का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के प्रधान डाकघर में बैंक खाता धारकों के लिए प्रसाधन एवं पेयजल के साथ बैठने की समुचित ब्यवस्था बन नही पाई है, जिसके चलते खाताधारकों को कई तरह की परेशानियों से जुझना भी पडता है। डाकसेवा में पदस्थ जिम्मेदार अफसरों को समस्या से कोई सरोकार तक नही है।

■ जिम्मेदार अफसरो को परेशानियों से नही कोई सरोकार

गौरतलब है कि जांजगीर के मुख्य डाकघर को प्रधान डाकघर बने 4 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है। प्रधान डाकघर बनने के बाद पदस्थ कर्मचारी एवं खाताधारको की समस्याओ को ध्यान में रखकर यहां प्रसाधन, शौचालय से लेकर पेयजल एवं कुर्सीयो की समुचित व्यवस्था भी बनाई जानी चाहिए, ताकि खाताधारको को उठने बैठने के लिए किसी तरह की कोई परेशानी ना उठानी पड़े। वहीं व्यवस्था आज भी जस की तस बनी हुई है, जिसके चलते डाकघर के खाता धारको को कई तरह की परेशानियों का सामना भी करना पडता है। जांजगीर के भीमा तालाब जाने वाले मार्ग पर प्रधान डाकघर का संचालन किया जा रहा है, जहां पर पोस्ट आफिस संचालित हो रही है। वहां पर जगह की कमी बनी हुई है। खाताधारक एक तो अपनी बाइक को युं ही छोड कर रख देते है। ऊपर से बरसात का पानी आकर पोस्ट आफिस परिसर के आसपास ही इकठ्ठा हो जाता है, जिसके कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। प्रधान डाकघर जांजगीर में ना केवल जांजगीर शहर ब्लकि आसपास गांव के लोग भी बडी संख्या में पहुंचते है। इसके अलावा सप्ताहिक बुधवारी बाजार के दिन तो पोस्ट आफिस वाले जगह पर जाम की स्थिति तक निर्मित हो जाती है।

बनाई गई व्यवस्था

प्रधान डाकघर में पेयजल, शौचालय सहित कुर्सियों की व्यवस्था बनाई गई है। संसाधनों की कमी होने की स्थिति में इस बात की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियो को दी जाती है।

-एल एन कश्यप,
मुख्य पोस्ट मास्टर
जांजगीर-चांपा

अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में माताओं को दी गई जानकारी

बिर्रा। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला फुलवारीपारा बिर्रा में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 2 जुलाई को संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा रामकिशोर देवांगन की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम वाणी वीणा सरस्वती के तैलचित्र पर श्री देवांगन संकुल समन्वयक, श्रीमती सहोद्रा यादव, श्रीमती रामेश्वरी यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रीमती निहारिका साहू प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा द्वारा अंगना में शिक्षा विषय पर माताओ को प्रकाश डाला गया। बच्चों को प्रतिदिन उपस्थिति करना स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना, रंग पेंटिंग आदि के बारे में माताओं को जानकारी दी गई। श्रीमती निहारिका साहू प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा माताओ को बच्चों का प्रथम गुरु बताया गया। बच्चों को छोटे बड़ों का पहचान करना, पत्तों को गिनना, आकार बताना, सब्जियों की पहचान करना आदि विषय पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में 20 माताओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निहारिका साहू प्रभारी प्रधान पाठक ने तथा आभार प्रदर्शन रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा ने किया। इस अवसर पर कैलाश यादव उपस्थित रहे।

युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे स्वामी विवेकानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में विवेकानंद की पुण्यतिथि पर ज्ञानदीप विद्यालय के एन एस एस के छात्रों एवं ज्ञानदीप परिवार द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष

■ पुण्य तिथि पर ज्ञानदीप स्कूल जांजगीर में विवेकानंद को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

भी 4 जुलाई को ज्ञानदीप में युवा दिवस के रूप में मनाया गया एवं विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई एवं उन्हें पुष्प हार पहनाया गया, तत्पश्चात विवेकानंद को पुष्प के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे उन्होंने अपने जीवन काल में सदैव युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर बल दिया। ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ अखिलेश कटकवार जी के द्वारा एन एस एस के छात्रों एवं अन्य छात्रों को

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र।

श्रद्धा सुमन अर्पित करते स्कूल के प्राचार्य एवं अन्य।

एन एस एस की विशेषता एवं महत्व के बारे में बताते हुए एन एस एस के लाभों का वर्णन किया , उन्होंने विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके जीवन के कुछ विशेष तथ्यों बातों से छात्रों को अवगत कराया । उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी के सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एन एस एस प्रभारी श्री एल .एस . गौतम के द्वारा एन एस एस में किए जाने वाले कार्यों एवं लाभों को समझाया एवं गत वर्ष के सात दिवसीय एन एस एस कैंप जो खोखरा में आयोजित था, के अनुभव को साझा किया एवं उन्होंने छात्रों को समाज सेवा एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए अभिप्रेरित किया। विवेकानंद की जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

खरौद। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में 2 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ हरप्रीत कौर के द्वारा दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ हरप्रीत कौर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में बारिकी से जानकारियां दी तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज द्वारा भी जानकारियां दी गई। महाविद्यालय में गठित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो रमेंद्र लहरे एवं सदस्य प्रो ओंकार महिपाल व संजीव सिंह की सहायता से कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, शिव शक्ति इंस्टिट्यूट खोरसी के प्राचार्य दिनेश कश्यप, महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्रो जी एन भतपरे, डॉ सी बी खूंटे, प्रो उत्तरा निराला प्रो मंदाकिनी चंद्रा, प्रो शानू अग्रवाल, प्रो पुनाराम नवरत्न, प्रो ओंकार प्रसाद महिपाल, प्रो अजय कुमार कंवर, प्रो संजीव सिंह, विश्वास विश्वकर्मा, राजेश कुमार साहू आदि समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया गया प्रवेश उत्सव

जांजगीर-चांपा। आंगनबाड़ी केन्द्रन वार्ड क्रमांक 17-1 में 1 जुलाई को प्रवेश उत्साव मनाया गया। प्रवेश उत्सव के तहत 4 बच्चे स्मिता, रियांशी, हर्षिता और दुर्गेशनंदनी का नाम आंगनबाडी केन्द्र मे दर्ज किया गया। साथ ही उन्हें पोषण तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी भेजने के लिए उनके माता-पिता को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही 6 माह पूर्ण कर चुके एक बच्ची इशांत जलतरंग का अन्नप्राशन कराया गया और उनके परिजन को समझाया गया कि रोज बच्चे को स्तनपान के साथ-साथ ऊपरी आहार भी दें, जैसे दाल-चांवल एवं पका हुआ फल को मसलकर खिलाए। इस कार्यक्रम में पतंजली योग की जिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा गोपाल, पर्यवेक्षक सुश्री नवधा राठिया, कार्यकर्ता श्रीमती सारिका राठौर, भुवनेश्वरी जलतरंग, प्रकाश जलतरंग, अधिवक्ता- रामचंद्र गोपाल, रेणुका राठौर, ममता यादव, मालती यादव, फगनी, सुनिता, बीना, श्रीया राठौर, शिवानी मिताली सुस्मिता, श्रीया सूर्यवंशी, हेमंत सहित मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

जल जमाव वाले क्षेत्रों में पालिका करा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा वर्षाकाल के दौरान शहर के ऐसे इलाकों की नाली की साफ सफाई की जा रही है। जहां जल भराव की

■ वर्षाकाल के दौरान लोगों को राहत पहुंचाने नगर पालिका की पहल

संभावना है। पालिका की इस पालिका से लोगों को मानसून के दौरान काफी राहत मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि नगर के कुछ ऐसे इलाके है, जहां की नालियों में

सफाई कार्य का निरीक्षण करते सीएमओ।

कचरा भरा होने से पानी निकासी के अभाव में जल जमाव हो सकता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर की पहल पर ऐसे इलाको को चिन्हिंत कर वहां की नालियों की युद्ध स्तर पर साफ सफाई का कार्य विगत डेढ़ माह से प्रारंभ कर दिया गया है। स्वयं सीएमओ भोला सिंह ठाकुर इस कार्य की मानिटरिंग कर रहे है। जहां कहीं से भी जल जमाव की शिकायत प्राप्त होती है, तो वहां से स्वयं अमले के साथ तत्काल पहुंचकर समस्या का निदान करते है। सफाई कार्य में पालिका का करीब 20 सफाई कर्मचारियों का अमला जुटा हुआ है।

नए शिक्षा सत्र में शाला संचालन के लिए शैक्षिक समन्वयकों की बैठक, दिए निर्देश

निर्धारित समय पर नियमित रुप से स्कूलों में उपस्थित रहें शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नए शिक्षा सत्र मे शाला संचालन के लिए शैक्षिक समन्वयकों की बैठक का आयोजन बी.आर.सी.प्रशिक्षण हाल मे बीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस की उपस्थिति में किया गया।

बीईओ एवं बीआरसी के द्वारा इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम की प्रत्याशा मे शैक्षिक सुमन भैया को एवं संकुल प्रभारी के द्वारा नियमित रूप से शाला का एकेडमिक निरीक्षण,एफ.एल.एन.के सफल क्रियान्वयन, प्राथमिक विद्यालय में शैक्षिक स्तर को दृढ़ करने ई.जी.एल. कार्यक्रम का क्रियान्वयन, यू डाइस का सत्यापन, उल्लास कार्यक्रम में असाक्षर प्रविष्टि, उत्कृष्ट जांजगीर, बच्चों में आत्महत्या के रोकथाम हेतु इंगेज

बैठक में उपस्थित शैक्षिक समन्वयकों को जानकारी देते बीईओ व बीआरसी।

कार्यक्रम, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा की तैयारी, राष्ट्रीय लब्धि सर्वेक्षण,जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अध्यापन,पाठ्य पुस्तक एवम गणवेश वितरण ऑनलाइन प्रविष्टि,निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत मांग एवम वितरण की जानकारी, सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम करना, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी, विनोबा एप्प में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षकों, अन्य शैक्षिक गतिविधियों में शामिल शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक पोस्ट करने, एन. एम.एम.एस.परीक्षा की जानकारी, नेवता भोजन, प्राथमिक एवम् माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थी सूचकांक प्रदर्शित करने,विद्यालयवार बच्चों की जातिवार सांख्यिकी की जानकारी, बोलेगा बचपन, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों की अद्यतन जानकारी के संबंध में शासन के निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए उक्त निर्देशन के कड़ाई से पालन करने की बात कही गई। बैठक के दौरान शाला में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की निर्धारित समय पर नियमित उपस्थिति को लेकर विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में विकासखंड के समस्त शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में शामिल हुए सात विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में जिला नोडल अधिकारी सुरेश कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले से 7 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिला राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में 1 एवं 2 जुलाई को आयोजित की गई । इसमें जिले से 7 विद्यार्थी एवं 2 मार्गदर्शन शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। डभरा विकासखंड के शास पूर्व माध्य शाला साराडीह से प्रिंस यादव, शास पूर्व माध्य शाला गोबरभाठा से चांदनी मिरी, चंद्रहासिनी विद्यापीठ से प्रिंस पटेल,

शास हाईस्कूल सिरियाडीह से प्रियांशी, मालखरौदा विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला अड़भार से तनीषा कटकवार, शास हाईस्कूल कुरदा से सुमित खूंटे, जैजैपुर विकासखंड के शास हाईस्कूल काशीगढ़ से शीतल कुमारी साहू का चयन हुआ था। शिक्षक गंगा प्रसाद कैवर्त कुरदा एवं दुर्गेश्वरी सिदार के साथ विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी।